एक नजर में

कोलियरी मजदूर संगठन के अध्यक्ष नियुक्त

पाथाखेड़ा। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संगठन (आर.सी.एम.एस.) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड पाथाखेड़ा क्षेत्रीय कमेटी का गठन किया गया। इस दौरान तवा-2 खान में कार्यरत युवा, कर्मठ एवं संघर्षशील कामगार संतोष कैथवास को क्षेत्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जिससे श्रमिकों में उत्साह का माहौल है। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजलाल विश्वकर्मा, महामंत्री पंकज कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष ज्ञानेश्वर महतो, कार्यकारिणी सदस्य किटया राजम टोकल, कार्यालय सचिव सुश्री कौतिका रामु राउत, कार्यालय प्रभारी मयूर पुंड, गौरव दिनकर शिंगणजुडे एवं अजय धुर्वे सहित कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड से जुड़े संगठन के सचिव धनंजय कुंटा, अध्यक्ष अनंता परसूटकर और विनोद पोटराज भी मौजूद रहे। नवगठित कार्यकारिणी में संजय यादव को कार्यकारी अध्यक्ष, राजेंद्र गव्हाड़े को उपाध्यक्ष, किशोर हारले को सचिव, राकेश उपराले को संयुक्त सचिव एवं अरविंद गौतम को कोषाध्यक्ष बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में राजपाल सिंधिया, देवीलाल पवार, राजेश भारती, नंदेश पहाड़े और दिनेश मांडवे शामिल हैं। राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत करने और श्रमिक हितों की लड़ाई को और तेज करने का आह्वान किया।

अम्बेडकर जयंती से शुरू होगी नि:शुल्क एम्बुलेंस सेवा

सारनी। आगामी 14 अप्रैल से खिदमते ए खल्क सोसायटी के माध्यम से नगर मे नि:शुल्क एम्बुलेंस सेवा की सौगात मिल रही है। सोसायटी के अध्यक्ष नईम खान ने बताया कि मरहूम शेख मुबीन की स्मृति मे खिदमते खल्क सोसायटी के माध्यम से निशुल्क एम्बुलेंस सेवा को संचालित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आगामी 14 अप्रैल बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती पर शाम 4 बजे नि:शुल्क एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत की जायेगी। इस मौके पर पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे सहित कई नेताओं को आमंत्रित किया गया है। नईम खान ने कहा कि खिदमते खल्क सोसायटी मे नईम खान,मनीष पिल्ले, शशांक चतुर्वेदी, विक्की धोलेकर, गजोधर चौहान, नसीम खान जावेद खान, जफर खान, सलमान खान,जहीर खान, साबिर खान सहित अन्य लोग शामिल है। श्री खान ने कहा कि नि:शुल्क एम्बुलेंस सेवा मे ईधन का चार्ज मरीजों के परिजनों को देना पडेगा। उन्होंने कहा कि जिन मरीजों के पास एम्बुलेंस वाहन में ईधन कि व्यवस्था नहीं होगी, ऐसे मरीजों को सुविधा सोसायटी के माध्यम से किया जा सकता है।

सुहाना और राजेन्द्र करेंगे मप्र का प्रतिनिधित्व

बैतूल। 68वीं राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता 16 से 21 अप्रैल तक अंडर 14 दिल्ली में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता के लिए राजेंद्र कुमार बालक क्रीड़ा परिसर शाहपुर और सुहाना सेलुकार कन्या क्रीड़ा परिसर बैतूल के खिलाडियों का चयन हुआ है। अब यह दोनों खिलाड़ी मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगें। शाहपुर बालक क्रीड़ा परिसर कोच सुनील सूर्यवंशी और कन्या क्रीड़ा परिसर बैतूल ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता से पूर्व इंदौर में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कैंप लगेगा। जिसके बाद यह दोनों राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे। सहायक आयुक्त विवेक पाण्डे ने इसे जिले के लिए गौरव का क्षण बताया।

जिले में 'समग्र शिक्षा अभियान' ठप

- पुनर्नियुक्ति न होने से शिक्षा विभाग संकट में
- 31 मार्च को खत्म हुआ अनुबंध
- 12 कर्मचारी मनपा में
- 42 कर्मचारी जिप में कार्यरत
- 6 महीने का होता है अनुबंध

नागपुर,महानगर संवाददाता. जिले में शिक्षा व्यवस्था का एक बड़ा आधार माने जाने वाला 'समग्र शिक्षा अभियान' इन दिनों ठप पड़ने की कगार पर है. पुनर्नियुक्ति को लेकर सरकार की ओर से स्पष्ट आदेश जारी नहीं होने के कारण जिला परिषद और महानगर पालिका के शिक्षा विभाग का कामकाज गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है. पिछले दो दशकों से शिक्षा विभाग का बड़ा हिस्सा समग्र शिक्षा अभियान के कर्मचारियों पर निर्भर रहा है लेकिन 31 मार्च को इन कर्मचारियों का अनुबंध समाप्त होने के बाद अब तक उनकी पुनर्नियुक्ति नहीं होने से विभाग के कार्यालय सूने नजर आ रहे हैं. खासतौर पर जिला परिषद के समग्र कक्ष में कामकाज लगभग ठप हो गया है. बताया जा रहा है कि समग्र शिक्षा अभियान के कर्मचारी 9 मार्च से मुंबई में स्थायी नियुक्ति की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं. इस बीच 1 मार्च को अपेक्षित पुनर्नियुक्ति आदेश भी जारी नहीं किए गए, जिससे आंदोलन में शामिल न होने वाले कर्मचारियों में भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है. नागपुर जिला परिषद शिक्षा विभाग में समग्र अभियान के 124 कर्मचारी, जबकि महानगर पालिका में 42 कर्मचारी कार्यरत हैं. इनमें कार्यकारी अभियंता, सहायक कार्यक्रम अधिकारी, कंप्यूटर प्रोग्रामर, कनिष्ठ अभियंता, वरिष्ठ लिपिक, डेटा ऑपरेटर, एमआईएस कोऑर्डिनेटर, रोखपाल और विषय साधन व्यक्ति जैसे कई महत्वपूर्ण पद शामिल हैं.

8 वर्षों से नहीं हुई वेतन वृद्धि

नियमित भर्ती प्रक्रिया लंबे समय से अटकी होने के कारण विभाग का अधिकांश काम इन्हीं अस्थायी कर्मचारियों पर निर्भर है लेकिन 2018 से वेतन वृद्धि नहीं होने और शासकीय लाभ नहीं मिलने से कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है. समग्र शिक्षा अभियान के तहत कर्मचारियों की नियुक्ति 6 महीने के अनुबंध पर की जाती है. अनुबंध समाप्त होने के बाद अब तक पुनर्नियुक्ति के आदेश नहीं आने से कई महत्वपूर्ण शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं. इसका असर विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता, विशेष जरूरत वाले बच्चों की सहायता, शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है.

क्या है समग्र शिक्षा अभियान

समग्र शिक्षा अभियान देश की एक प्रमुख शिक्षा योजना है, जिसका उद्देश्य पूर्व-प्राथमिक से लेकर 12वीं तक गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा प्रदान करना है. इस योजना के तहत स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का विकास, नई कक्षाओं और प्रयोगशालाओं का निर्माण, डिजिटल शिक्षा (स्मार्ट क्लास, ई-कंटेंट), शिक्षक प्रशिक्षण, खेल-कला को बढ़ावा, दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष सुविधाएं और स्कूल छोड़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या कम करने जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाते हैं.

धुएं में उड़ रहा कानून, चौराहों पर धूम्रपान, कागजों तक सीमित पाबंदी, प्रशासन की कार्रवाई जीरो

नागपुर. 'हर फिक्र को धुएं में उड़ाता चला गया' गीत की यह पंक्ति शहर की हकीकत को बखूबी बयां करती हैं. फर्क सिर्फ इतना है कि यहां अब सिर्फ 'फिक्र' ही नहीं बल्कि कानून को भी धुएं में उड़ाया जा रहा है. राज्य में सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर स्पष्ट प्रतिबंध होने के बावजूद नागपुर के बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सरकारी कार्यालयों के परिसर और व्यस्त चौक-चौराहों पर लोग बेखौफ सिगरेट के कश लगाते नजर आ रहे हैं. अब सवाल उठने लगे हैं क्या कानून का डर खत्म हो गया है या फिर उसे लागू करने वाली व्यवस्था ही गायब हो गई है.सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि यह सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ भी है. छोटे बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग जो खुद धूम्रपान नहीं करते वे भी इसके दुष्परिणाम झेलने को मजबूर हैं. शहर में धूम्रपान मुक्त वातावरण बनाने के लिए प्रशासन को सख्त कदम उठाने की जरूरत है. विशेषज्ञों के अनुसार जनजागरूकता, नियमित जुर्माना और सार्वजनिक स्थानों पर स्पष्ट चेतावनी बोर्ड लगाने जैसी कार्यवाही से ही इस समस्या पर नियंत्रण पाया जा सकता है.

- आखिर कौन रोकेगा यह धुआं

शहर की पान की दुकानों, चाय स्टॉलों और सड़कों के किनारे दिनभर धूम्रपान चलता रहता है. खास बात यह है कि युवा वर्ग में धूम्रपान की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है और अब युवतियों की भागीदारी भी चिंता का विषय बन गई है. यह केवल व्यक्तिगत आदत नहीं बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य पर सीधा हमला है. धूम्रपान नहीं करने वाले लोग भी इस जहरीले धुएं का शिकार बन रहे हैं.

नशे पर सख्ती, यहां क्यों ढिलाई:

कानून के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान दंडनीय अपराध है लेकिन जमीनी स्तर पर कार्रवाई लगभग शून्य है. नियम तोड़ने वालों में अब किसी तरह का डर नहीं बचा है. एक ओर नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी-बड़ी कार्यवाही की जाती है वहीं रोजाना आंखों के सामने हो रही इस 'धीमी जहरखोरी' पर प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है.

- स्वास्थ्य खतरे में, जिम्मेदार कौन

सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान से न केवल कानून का उल्लंघन हो रहा है बल्कि निर्दोष नागरिकों की सेहत भी खतरे में पड़ रही है. पैसिव स्मोकिंग के कारण कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है. ऐसे में इस मुद्दे पर लापरवाही अक्षम्य है.

- कड़े कानून लेकिन व्यवस्था लचर

तंबाकू नियंत्रण के लिए देश में कड़े कानून मौजूद हैं. 2003 का सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2011 से लागू खाद्य सुरक्षा कानून, 2015 का जुवेनाइल जस्टिस एक्ट, 2019 में ई-सिगरेट पर प्रतिबंध और 2023 में स्कूलों के आसपास बिक्री पर रोक लेकिन इन कानूनों को लागू करने के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर, फूड सेफ्टी अधिकारी, वेलफेयर अधिकारी और नगर निगम के स्वास्थ्य कर्मचारी पर्याप्त संख्या में नहीं हैं. हकीकत यह है कि व्यवस्था ही नदारद है. ऐसे में आम नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा करने वाले ये कानून बेअसर साबित हो रहे हैं.

सिटी में 40 फीसदी पानी हो रहा 'लीक',पालकमंत्री ने कहा, अवैध उपयोग पर होगी कार्रवाई

नागपुर, निज संवाददाता. नागपुर में शहर में हो रही जलापूर्ति में से 40 फीसदी पानी 'लीकेज' से बर्बाद हो रही है. इतना ही नहीं कुछ स्थानों पर अवैध पंप लगाकर पानी खींचा जा रहा है तो पीने के पानी का व्यावसायिक उपयोग भी मनमाने तरीके से किया जा रहा है. पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने चेतावनी दी है कि पानी की लीकेज और अवैध रूप से उपयोग पर कड़ी कार्रवाई की जोएगी. ऐसे मामलों में नोटिस भी जारी किये गए हैं. वे नागपुर में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे. इस दौरान उन्होंने सिटी में जलापूर्ति को लेकर चिंता जताई व सुधार के लिए आवश्यक व तेज कदम उठाने की बात कही. उन्होंने कहा कि गरीब व मध्यमवर्गीय नागरिकों पर अन्याय न हो इसके लिए बैठक लेकर उचित कदम जल्दी ही उठाये जाएंगे. उन्होंने बताया कि शहर के सीताबर्डी और महल एरिया में मंजूर क्षमता से अधिक पानी का उपयोग होने की जानकारी मिली है.

एलपीजी आपूर्ति की होगी समीक्षा

शहर सहित जिलेभर में घरेलू गैस सिलेंडरों के लिए चल रही मारामारी के संबंध में उन्होने कहा कि एलपीजी आपूर्ति के संबंध में जिलाधिकारी स्तर पर समीक्षा की जाएगी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस 12 तारीख को इस विषय पर बैठक करेंगे. बुलढाणा में मजदूर किट वितरण के दौरान हुई भीड़ के संबंध में उन्होंने कहा कि श्रम मंत्री आकाश फुंडकर से चर्चा कर उचित उपाय करने को कहा जाएगा. नासिक के कथित कॉर्पोरेट जिहाद के संदर्भ में कहा कि मामले की जांच के बाद ही कोई भूमिका तय की जाएगी. उन्होंने केरल और असम राज्यों के चुनावों में भाजपा को पिछली बार से अधिक बड़ी जीत मिलने का दावा भी किया. बारामती उपचुनाव के संदर्भ में उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार, अजित पवार की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए सामने आई हैं और सभी को उनका समर्थन करना चाहिए.

अब भूमि मापन केवल 1 हजार रुपये में: भोगवटा राजस्व निर्णय के बारे में बावनकुले ने बताया कि किसानों को पहले जमीन मापजोख के लिए 10 से 12 हजार रुपये खर्च करने पड़ते थे, लेकिन अब यह प्रक्रिया सरल कर दी गई है. केवल 1 हजार रुपये में पूरी माप होगी और इसके लिए समय भी कम लगेगा. उन्होंने कहा कि मापजोख के बाद यदि खरीद-बिक्री और म्यूटेशन प्रक्रिया पूरी कर ली जाए, तो भविष्य के विवादों से बचा जा सकता है. यवतमाल जिले में वनाधिकार से जुड़े आदिवासी दावों के बारे में उन्होंने कहा कि ग्राम स्तरीय समितियों द्वारा मंजूर किए गए आवेदनों की सरकार पुन: समीक्षा करेगी. आदिवासी किसानों का कोई नुकसान नहीं होने दिया जाएगा.

पटेल व तटकरे को किया जा रहा साइड

कांग्रेस नेता वडेट्टीवार ने किया दावा

नागपुर, निज संवाददाता. नये राजनीतिक घटनाक्रम में राष्ट्रवादी कांग्रेस अजीत पवार गुट के दो बड़े नेताओं प्रफुल पटेल और सुनील तटकरे को नियोजित तरीके से पार्टीलाइन से साइड किये जाने का दावा विधानसभा में कांग्रेस के पक्षनेता विजय वडेट्टीवार ने किया है. उन्होंने कहा कि राकां की भीतरी उथल-पुथल अब बाहर आ गई है. सुनेत्रा पवार को निर्विरोध चुनकर लाने के संदर्भ में इन दोनों नेताओं ने किसी भी पार्टी के नेताओं को फोन तक नहीं किया. इन लोगों को मालूम था कि उनकी कोई सुनने वाला नहीं है. वडेट्टीवार ने उक्त दावा नागपुर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही. राकां में चल रहे घटनाक्रम को देखते हुए राजनीतिक महकमें में यह चर्चा जोरों पर है कि पटेल व तटकरे का भविष्य खतरे में है. सुनेत्रा पवार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद संभालते ही दोनों नेताओं द्वारा जारी किये गए अनेक आदेशों को रद्द कर अपना वर्चस्व सिद्ध किया है. इससे पार्टी में हड़कंप मच गया है. वडेट्टीवार ने चिमटी लेते हुए कहा कि वर्तमान में जो दिख रहा है, उससे दोनों नेताओं का कुछ ठीक नहीं लग रहा है. वास्तविकता यह है कि पटेल व तटकरे का भाजपा के सिवा पत्ता भी नहीं हिलता.

वडेट्टीवार ने कहा कि अजीत पवार जब 40 विधायकों के साथ पार्टी से बाहर हुए थे, तब संपूर्ण यंत्रणा पटेल व तटकरे ने ही हिलाई थी. लेकिन उनके निधन के बाद दोनों राकां के विलनीकरण की चर्चा शुरू हो गई थी जिसका इन्होंने विरोध किया था. वही विरोध अब उनके लिए मुसीबत बन गया है. नई कार्यकारिणी में उन्हें स्थान नहीं मिलना इसका परिणाम है. अब दोनों नेताओं ने मौन साधे रखने में ही अपनी भलाई समझी है.

धूमधाम से मनाई जाएंगी महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती

शोभायात्रा में निकलेंगी भव्य आकर्षक झांकियां

नव भारत न्यूज ,पांढुरना,9 अप्रैल,

देश के महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती के अवसर पर पांढुरना में माहत्मा ज्योतिबा फुले माली समाज संगठन द्वारा भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह समारोह 11 अप्रैल 2026 (शनिवार) को पुलिस थाने के पीछे सरगम मंगल कार्यालय में आयोजित होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 8 बजे दीप प्रज्वलन के साथ होगा। इसके पश्चात प्रात: 8.30 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो महात्मा ज्योतिबा फुले माली समाज भवन से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल सरगम मंगल कार्यालय में पहुँचगी जहा दोपहर 12 बजे से 1.30 बजे तक कीर्तन एवं दहीलाही का आयोजन रखा गया है। जिसमें हभप अशोक महाराज महतपुरे अपने प्रवचनों के माध्यम से समाज को प्रेरित करेंगे। इसके बाद दोपहर 1.30 बजे से 2 बजे तक अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विवेक (बंटी) साहू, विधायक निलेश उईके, पूर्व शिक्षा मंत्री नानाभाऊ मोहोड, भाजपा जिला उपाध्यक्ष उज्वलसिंह चौहान और नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संदीप घाटोड़े विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे ।

तहसील के सामने से प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण

मुलताई। नगर मे तहसील कार्यालय के सामने फेंसिंग तोड़कर अतिक्रमण कर रखा था। वहीं कुछ वाहन चालकों द्वारा भी तहसील परिसर के सामने मुख्य मार्ग किनारे बड़े वाहन खड़े कर दिए जाते थे।

फेंसिंग तोड़कर कर लिया था अतिक्रमण

वाहन खड़े करने पर होगी चालानी कार्रवाही

गुरुवार को प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। गुरुवार को एसडीएम राजीव कहार के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने तहसील परिसर के सामने स्थित अवैध अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान तहसीलदार संजय बरैया, एसडीओपी एसके सिंह और नगर पालिका के सब इंजीनियर महेश शर्मा सहित पुलिस बल उपस्थित था। प्रशासनिक टीम द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई दुकानों और ढांचों को हटाया। वहीं भविष्य मे अतिक्रमण ना हो जिसके लिए शासकीय भूमि पर तार फेंसिंग करने के नगरपालिका को निर्देश दिए। वहीं वाहन खडे करने वालो पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

शराब दुकान पर मनमानी, मांगने पर भी नहीं दे रहे बिल

आमला। बोड़खी की कंपोजिट शराब दुकान पर ग्राहकों से मनमाने दाम वसूले जाने और बिल मांगने पर अभद्रता करने का मामला सामने आया है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि दुकान पर न तो रेट लिस्ट लगी है और न ही पीओएस मशीन से बिल दिया जा रहा है।एक ग्राहक ने बताया कि बिल मांगने पर मैनेजर ने गाली-गलौज करते हुए दुकान से भगा दिया। ग्राहकों का कहना है कि शराब की बोतलों पर दर्ज एमआरपी से अधिक कीमत वसूली जा रही है।नियमों के अनुसार दुकान पर रेट लिस्ट लगाना और पीओएस मशीन से

बिल देना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर 25 हजार रुपए तक जुर्माना और लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई हो सकती है। मामले पर चौकी प्रभारी नितिन उइके ने कहा कि अवैध शराब बिक्री पर दबिश दी जाएगी, जबकि आबकारी इंस्पेक्टर हरिदास पाटिल ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

एनएसयूआई ने स्थापना दिवस किया पौधारोपण

पाथाखेड़ा। सरदार विष्णु सिंह उइके शासकीय महाविद्यालय, बगडोना में एनएसयूआई के स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान एनएसयूआई छात्र नेता रोहन सिंह ठाकुर ने बताया कि 9 अप्रैल 1971 को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी

द्वारा एनएसयूआई की स्थापना की गई थी। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। इस अवसर पर एनएसयूआई प्रतिनिधियों ने महाविद्यालय के प्राचार्य श्री प्रदीप पन्द्राम को पौधा भेंट कर सम्मानित किया तथा कॉलेज परिसर की वाटिका में पौधारोपण कर उसकी देखभाल करने की शपथ ली। कार्यक्रम में रोहन सिंह ठाकुर, प्रकाश मालवीय, ऋषु मस्की, तनीषा रावत, आसिफ अंसारी, अभिषेक यादव, हर्ष ठाकुर, रेहान अंसारी, आदिल अंसारी, लक्की, शुभ नागले, नावेद अंसारी एवं आकाश इवने सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

शराबबंदी के बाद भी मुलताई में बिक रही अवैध शराब

मुलताई। मां ताप्ती की पवित्र नगरी होने के कारण मुलताई मे प्रदेश सरकार द्वारा शराब बंदी की हुई है।लेकिन इसके बाद भी आस पास के शराब ठेकेदार मुलताई मे गली गली अवैध रूप से से शराब बेचने वालो को शराब दे रहे है,जिससे शासन द्वारा मुलताई मे की गई शराब बंदी का उद्देश्य पूरा नही हो पा रहा है। इससे अच्छा तो यह था कि मुलताई नगर मे भी शराब दूकान के ठेके सरकार दे देती तो सरकार को करो ?ी का नुकसान नही होता। इसका प्रमाण है कि पुलिस द्वारा बुधवार को थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह परिहार के नेतृत्व मे मुखबिर की सूचना पर मुलताई

क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर छापेमार कार्यवाही कर 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर अवैध शराब जप्त की है। टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से कुल 42.54 लीटर अवैध शराब (देशी एवं अंग्रेजी) जप्त की गई, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 19 हजार 520 रुपए है। जप्त सामग्री मे 103 पाव देशी शराब एवं 43 बीयर शामिल हैं। पुलिस द्वारा आरोपी पप्पू पिता कालिया सिंह राजपूत, निवासी वलनी,जितेन्द्र उर्फ मोटू पिता अमरलाल पवार निवासी अंबेडकर वार्ड, द्यअजय पिता पंजाबराव संतापे, निवासी बूकाखेड़ी,विकास पिता विजय पवार, निवासी कामथ सोनिया पति लक्ष्मण भुमरकर, निवासी कामथ,विशाल पिता रामराव बोडखे, निवासी पारडसिंगा रूपराव पिता काष्या चढोकर, निवासी कामथ की खिलाफ धारा 34 ए आबकारी अधिनियम की तहत केस दर्ज किया है।उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार, उपनिरीक्षक सुनील सरेयाम, प्रधान आरक्षक दिनेश बर्डे, गजराज, सुशील कुमार धुर्वे, आरक्षक पुष्पा धुर्वे, अरविन्द, नरेन्द्र कुशवाह, प्रिंस, विवेक एवं महिला आरक्षक छाया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

श्रमदान नपा सारनी, सतपुड़ा थर्मल प्लांट और डब्ल्यूसीएल के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ अन्य संगठनों ने किया श्रमदान

छोटे संकल्प की वजह से स्वच्छ हुआ सतपुड़ा जलाशय : मोहन नागर

सारनी। सतपुड़ा डेम से वर्ष 2019 में चाइनीज झालर एवं जलकुंभी निकालने के कार्य की शुरूआत करने वाले मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष, राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त पद्मश्री मोहन नागर ने सारनी पहुंचकर सतपुड़ा जलाशय की श्रमदान के माध्यम से सफाई की। करीब तीन घंटे चले श्रमदान के बाद सतपुड़ा डेम के छठ पूजा घाट को जलीय खरपतवार से मुक्त किया गया। औपचारिक कार्यक्रम के तहत सारनी पहुंचे मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष, राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त पद्मश्री मोहन नागर सीधे सतपुड़ा डेम पहुंच गए। उनके यहां आने की सूचना के बाद सतपुड़ा थर्मल प्लांट, नगर

पालिका, डब्ल्यूसीएल के अधिकारी, कर्मचारी भी पहुंचे। स्वयं सेवी संगठन, राजनीतिक संगठनों के लोगों ने भी यहां पहुंचकर श्रमदान किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, सतपुड़ा प्लांट के चीफ इंजीनियर एसके लिल्होरे, जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक प्रिया चौधरी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजीव गुप्ता, मनीष शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम यहां उपस्थित थे। करीब तीन घंटे चले श्रमदान के बाद छठ पूजा घाट को पूरी तरह स्वच्छ किया गया। इसके बाद हुए कार्यक्रम को अतिथियों ने संबोधित किया। प्लांट के चीफ इंजीनियर ने कहा कि सतपुड़ा डेम को पूरी तरह साफ करने के लिए कंपनी की ओर से कार्ययोजना तैयार की जा रही है। अभी तक हुए प्रयासों का ही परिणाम है कि जल साफ और उपयोग योग्य है। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि जलीय संरचनाओं को स्वच्छ करने के लिए नगर पालिका द्वारा भी सतत अभियान चलाया जा रहा हैं जल गंगा संर्वधन के तहत नगर के सार्वजनिक जलस्रोतों को साफ किया जा रहा है। इस अवसर पर श्रमदान में सहयोग करने वाले जल प्रहरियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका के पार्षदगण, एल्डरमैन, सतपुड़ा प्लांट, डब्ल्यूसीएल, जन अभियान परिषद, शासकीय कॉलेज सारनी के अधिकारी, कर्मचारी, धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक संगठन, स्व सहायता समूह के सदस्यगण उपस्थित थे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष, राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त प ?द्मश्री मोहन नागर ने कहा कि हमने सलैया गांव में बोरीबंधान के समय सतपुड़ा डेम को चायनिज झालर से मुक्त करने का छोटा सा संकल्प लिया था। जलान्दोलन ने बड़ा रूप लिया और आज परिणाम सभी के सामने है। हालांकि यहां के जल श्रमदानियों, सभी शासकीय अधिकारी, कर्मचारी, धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक, स्वयंसेवी संगठनों की मेहनत का य परिणाम है।

पांढुर्णा में तहसीलदार एवं कार्यपालक दंडाधिकारियों के कार्यों का नया विभाजन

नवभारत न्यूज

पांढुर्णा/9 अप्रैल, कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नीरज कुमार वशिष्ट द्वारा जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के उद्देश्य से तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालक दंडाधिकारियों के कार्यों का नवीन विभाजन किया गया है। न्यायालयीन एवं राजस्व कार्यों के लिए विभिन्न अधिकारियों को अलग-अलग क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें श्रीमती अश्विनी गोहिया, प्रभारी तहसीलदार को सर्किल तहसीलदार (नजूल) मुख्यालय पांढुर्णा, अर्जुन बेलवंशी, प्रभारी तहसीलदार को सर्किल तहसीलदार सौसर (मुख्यालय सौसर), गोपीचंद पवार, प्रभारी नायब तहसीलदार को सर्किल मोहगांव (मुख्यालय सौसर), तीरथलाल ईरपाचे, प्रभारी नायब तहसीलदार को सर्किल नांदनवाड़ी (मुख्यालय पांढुर्णा) भोजराज रंहागडाले, प्रभारी नायब तहसीलदार को सर्किल लोधीखेड़ा (मुख्यालय सौसर) तथा रेवाराम झारिया, प्रभारी नायब तहसीलदार को सर्किल तिगांव (मुख्यालय पांढुर्णा) का दायित्व सौंपा गया है इसके साथ ही कुछ अधिकारियों को कार्यपालक दंडाधिकारी के रूप में भी नियुक्त किया गया है। इस क्रम में श्रीमती भावना मलगाम, प्रभारी तहसीलदार को थाना क्षेत्र सौसर एवं मोहगांव तथा श्री अशोक कुमार अडमे, प्रभारी नायब तहसीलदार को थाना लोधीखेड़ा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था एवं कार्यपालक दंडाधिकारी के कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कार्यपालक दंडाधिकारी भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धाराओं के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करेंगे। इनके प्रमुख कार्यों में शव-पंचनामा, संदिग्ध मृत्यु की जांच, कानून व्यवस्था बनाए रखना, अपराधियों की पहचान संबंधी कार्यवाही एवं विभिन्न अधिनियमों का प्रवर्तन शामिल है। इसके अतिरिक्त आपदा प्रबंधन, प्राकृतिक आपदाओं एवं आकस्मिक घटनाओं के दौरान SDRF/NDRF के साथ समन्वय एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। महत्वपूर्ण व्यक्तियों के आगमन के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी भी इन्हीं अधिकारियों को सौंपी गई है।

कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित न्यायालयों में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा अपने दायित्वों का निर्वहन अनुशासनपूर्वक करें।